I/22539/2022

e-mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, नालंदा के पत्रांक 69–I दिनांक 03.08.2021 के द्वारा श्रीमती कुमारी विषमपायेणी, विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी (ID No. ASO00035) के विरूद्ध समीक्षात्मक बैठक में अनुपस्थित रहने एवं शिविर के औचक निरीक्षण के क्रम में अनुपस्थित रहने तथा शिविर के कार्यो के निष्पादन में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया गया है। साथ ही यह भी सूचना दी गई है कि बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक दिनांक 14.6.2021 को आवेदन समर्पित कर मातृत्व अवकाश में प्रस्थान की है।

उक्त संसूचित अनुशंसा के आलोक में निदेशालय के ज्ञापांक–15710 दिनाक 07.01.2022 द्वारा श्रीमती विषमपायेणी से तीन दिनों के अन्दर अपना स्पष्टीकरण ई–मेल के माध्यम से समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया। निदेशालय कार्यालय द्वारा निर्गत पत्र में यह तथ्य भी अंकित किया गया है कि निर्धारित समय पर स्पष्टीकरण समर्पित नहीं करने पर समुचित निर्णय लिया जाएगा। स्पष्ट आदेश के बावजूद श्रीमती विषमपायेणी द्वारा अपना स्पष्टीकरण निर्धारित तिथि एवं समय तक समर्पित नहीं किया गया है।

उपरोक्त कृत्य से स्पष्ट होता है कि इनके द्वारा अपने अनाधिकृत अनुपस्थिति एवं शिविर के कार्यो के निष्पादन में लापरवाही बरतने के आरोप के संबंध में कोई स्पष्टीकरण न दे कर त्याग पत्र की सूचना दी गई है। श्रीमती विषमपायेणी द्वारा स्पष्टीकरण का उत्तर न देने के बजाय त्याग पत्र देने जैसा कृत्य उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना के साथ ही कार्य के प्रति घोर लापरवाही, उदासीनता, स्वेच्छाचारिता एवं अनुशासनहीनता दर्शाता है। इनके कृत्यों से स्पष्ट है कि अपने संविदा नियोजन एवं सरकारी दायित्वों के प्रति कोई रूचि नहीं है। अतएव इनका त्याग पत्र स्वीकृत किया जाना उचित नहीं होगा बल्कि इनका संविदा नियोजन ही समाप्त किया जाना उपयुक्त होगा।

अतः इनके विरूद्ध लगाए गए आरोप को प्रमाणित मानते हुए **"बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली–2019"** के नियम 8(4) के तहत श्रीमती कुमारी विषमपायेणी, विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी (ID No. ASO00035) का संविदा नियोजन आदेश निर्गत की तिथि से समाप्त किया जाता है।

Signed by Jai Singh
Date: 27-04-2022 16:29:31
Reason: Approved

(जय सिंह)
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

प्रतिलिपि :–

1. श्रीमती कुमारी विषमपायेणी, विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी (ID No. ASO00035) **E-mail. ID:- kvlsham007@gmail.com** को सूचनार्थ प्रेषित।
2. बंदोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, नालंदा को उनके पत्रांक 69–I दिनांक 03.08.2021 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. प्रभारी आई0टी0 कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।